BSES

नेत्रहीन उपभोक्ताओं के लिए बीएसईएस ने लॉन्च किया ब्रेल बिल

नेत्रहीनों के लिए वॉयस–आधारित मोबाइल ऐप और डोर–स्टेप सर्विस भी लॉन्च

- ब्रेल बिल लॉन्च करने वाली दिल्ली की पहली डिस्कॉम बनी बीएसईएस
- नैशनल फेडरेशन ऑफ द ब्लाइंड के सहयोग से लॉन्च किया गया बिजली का ब्रेल बिल

नई दिल्लीः 4 जनवरी। नेत्रहीन उपभोक्ताओं के जीवन को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बीएसईएस ने आज ब्रेल लिपि में बिजली का बिल लॉन्च किया। विश्व ब्रेल दिवस के अवसर पर यह बिल लॉन्च किया गया है। इसके साथ ही, बीएसईस ब्रेल बिल लॉन्च करने वाली दिल्ली की पहली डिस्कॉम बन गई है।

नेहरू प्लेस स्थित बीएसईएस मुख्यालय में नैशनल फेडरेशन ऑफ द ब्लाइंड के महासचिव श्री एस के रूंगटा ने बिजली का ब्रेल बिल जारी किया। इस मौके पर बीएसईएस के डायरेक्टर व ग्रुप सीईओ श्री अमल सिन्हा, बीआरपीएल सीईओ श्री विनीत सिक्का और बीवाईपीएल सीईओ श्री अमरजीत सिंह भी मौजूद थे।

नेत्रहीनों की सहूलित को ध्यान में रखते हुए उनके लिए वॉयस–आधारित मोबाइल ऐप और डोर–स्टेप सर्विस भी लॉन्च किए गए हैं।

ब्रेल लिपि में बिल मिलने से नेत्रहीनों को बिल के विभिन्न पहलुओं जैसे–बिल भुगतान की रकम, बिजली की कुल यूनिट खपत, बिल भुगतान का ड्यू डेट, सब्सिडी विवरण, आदि को समझने में आसानी होगी। यह बिल नेत्रहीन उपभोक्ताओं का सशक्तिकरण में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जो लोग खुद के लिए ब्रेल बिल का विकल्प चुनेंगे, उन्हें ब्रेल बिल के अलावा, पहले की तरह सामान्य बिजली बिल भी नियमित रूप से मिलता रहेगा। ऐसा इसलिए, ताकि उनके परिवार के उन सदस्यों को कोई दिक्कत न हो, जिन्हें ब्रेल बिल पढ़ना नहीं आता है।

ब्रेल बिल के लिए ऐसे रजिस्टर करें

बीएसईस ने नेत्रहीन उपभोक्ताओं के लिए ब्रेल बिल पाने की प्रक्रिया को काफी आसान बनाया है। उन्हें सिर्फ अपना सीए नंबर और मोबाइल नंबर को बीएसईएस में रजिस्टर कराना है। बीएसईस हेल्पलाइन नंबर, बीआरपीएल– 19123 व बीवाईपीएल– 19122, बीएसईएस वेबसाइट www.bsesdelhi.com, बीएसईएस वॉट्सऐप बीआरपीएल– 8800919123 व बीवाईपीएल– 8745999808 बीएसईएस मोबाइल ऐप बीआरपीएल– बीआरपीएल पावर ऐप, बीवाईपीएल– बीवाईपीएल कनेक्ट, ईमेल बीआरपीएल– brpl.customercare@relianceada.com व बीवाईपीएल– bypl.customercare@relianceada.com, उपभोक्ता/डिजी सेवा केंद्र, आदि कई माध्यमों

से वे ब्रेल बिल के लिए अपना सीए नंबर और मोबाइल नंबर बीएसईएस में रजिस्टर करवा सकते हैं। वे खुद भी अपना डिटेल रजिस्टर कर सकते हैं और अपने परिवार के किसी सदस्य या मित्र की मदद से भी ऐसा कर सकते हैं। बस, इसके बाद उन्हें हर महीने सामान्य के साथ–साथ ब्रेल बिल भी मिलने लगेगा।

नेत्रहीन उपभोक्ताओं के लिए विशेष मोबाइल ऐप

विश्व ब्रेल दिवस के अवसर पर 4 जनवरी 2023 को ब्रेल बिल के अलावा बीएसईएस ने आज नेत्रहीन उपभोक्ताओं के लिए अपने मोबाइल ऐप का अपग्रेडेड वर्जन भी लॉन्च किया है। दक्षिण व पश्चिम दिल्ली में रहने वाले नेत्रहीन उपभोक्ताओं के लिए बीआरपीएल पावर ऐप होगा, जबकि पूर्वी व मध्य दिल्ली में रहने वाले नेत्रहीन उपभोक्ताओं के लिए बीवाईपीएल कनेक्ट ऐप होगा। मोबाइल ऐप के माध्यम से वे घर बैठे बीएसईस की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस अपग्रेडेड मोबाइल ऐप पर वॉइस–ओवर और टॉक–बैक नेविगेशन सपोर्ट जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी।

नेत्रहीन उपभोक्ताओं के लिए बीएसईएस की डोर–स्टेप सर्विस

नेत्रहीन उपभोक्ताओं के लिए चीजें आसान करने के लिए बीएसईएस ने अब उनके लिए खास तौर पर डोर–स्टेप सर्विस लॉन्च किया है। वे बीएसईएस हेल्प लाइन, वॉट्सऐप, मोबाइल ऐप, वेबसाइट, आदि के माध्यम से डोर स्टेप सर्विस के लिए अनुरोध कर सकते हैं। अनुरोध मिलने पर, बीएसईएस के कर्मचारी उनके घर/ऑफिस विजिट कर, औपचारिकताओं को पूरा करने में उनकी मदद करेंगे। उन्हें किसी भी कार्य के लिए बीएसईएस ऑफिस आने की जरूरत नहीं है, बल्कि वे ही बीएसईएस कर्मचारी को अपने घर बुला सकेंगे।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, बीएसईएस ब्रेल बिल के साथ–साथ अपने मोबाइल ऐप का अपग्रेडेड वर्जन और डोर–स्टेप सर्विस भी लॉन्च कर रही है, जिनसे हमारे उपभोक्ताओं के एक महत्वपूर्ण वर्ग को काफी मदद मिलेगी। नेत्रहीन उपभोक्ताओं की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने के लिए बीएसईएस ने ब्रेल लॉन्च लॉन्च करने से पहले ब्लांड फेडरेशन और अन्य संस्थाओं से भी सपर्क किया था। बीएसईएस को विश्वास है कि इस पहल से दिव्यांग उपभोक्ओं के सशक्तिकरण में और अधिक मदद मिलेगी।

प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।